# उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (मुख्य) परीक्षा, 2013

# सामान्य अध्ययन

### हल प्रश्न-पत्र

## (अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)

## प्राचीन इतिहास

### प्रागैतिहासिक काल

**1. हड्डी से निर्मित आभूषण भारत में मध्य पाषाण काल के संदर्भ में प्राप्त हुए हैं –**

(a) सराय नाहर राय से (b) महदहा से
(c) लेखहिया से (d) चोपनी माण्डो से

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – मध्य पाषाणकालीन स्थल महदहा से हड्डी से निर्मित आभूषण प्राप्त हुए हैं। महदहा से प्राप्त प्रमुख उपकरणों में से ब्लेड, खुरचनी, भेदक, चांद्रिक त्रिभुज, समलम्ब चतुर्भुज उल्लेखनीय है। यहाँ से सींग की हड्डी के बने उपकरण और आभूषण प्राप्त हुए हैं। महदहा स्थल उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले की पट्टी तहसील में स्थित है।

### सैन्धव सभ्यता

**2. कौन सा हड़प्पीय (Harappan) नगर तीन भागों में विभक्त है?**

(a) लोथल (b) कालीबंगा (c) धौलावीरा (d) सुरकोटदा

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – धौलावीरा गुजरात के कच्छ जिले के भचाऊ तालुका में स्थित है। इस स्थल की खोज व उत्खनन 1990-91 में आर. एस. बिष्ट ने की। अन्य हड़प्पाकालीन नगर दो भागों किला या नगर दुर्ग और निचले नगर में विभाजित थे, किन्तु इनसे भिन्न धौलावीरा तीन भागों में विभाजित था, जिनमें से दो भाग आयताकार दुर्गबन्दी या प्राचीरों द्वारा पूरी तरह सुरक्षित थे। ऐसी नगर योजना अन्य हड़प्पाकालीन नगरों में देखने को नहीं मिलती है।

### वैदिक सभ्यता

**3. वैदिक कर्मकाण्ड में 'होता' का सम्बन्ध है –**

(a) ऋग्वेद से (b) यजुर्वेद से
(c) सामवेद से (d) अथर्ववेद से

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – ऋग्वेद का पुरोहित (वेद संबंधी कार्य करने वाला व्यक्ति) 'होता' कहलाता था। 'होता' का कार्य देवताओं को यज्ञ में आहूत करना तथा ऋचा पाठ करते हुए स्तुति करना था। सामवेद का पुरोहित उद्गाता, यजुर्वेद का अध्वर्यु तथा अर्थववेद का ब्रह्म कहलाता था।

### मौर्य एवं मौर्योत्तर काल

**4. चतुर्थ बौद्ध संगीति (परिषद) हुई थी –**

(a) कनिष्क के शासन काल में
(b) अशोक के शासन काल में
(c) हर्षवर्धन के शासन काल में
(d) मिनाण्डर के शासन काल में

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या**–बौद्ध धर्म की चतुर्थ संगीति कुषाण शासक कनिष्क के काल में कश्मीर के कुंडलवन में सम्पन्न हुई। इसके अध्यक्ष वसुमित्र तथा उपाध्यक्ष अश्वघोष थे। इसी समय बौद्ध धर्म हीनयान व महायान नामक दो सम्प्रदायों में विभक्त हो गया।

**5. उस वीर भारतीय राजा का नाम बताइये जिसे सिकंदर ने झेलम के तट पर पराजित किया था?**

(a) आम्भि (b) पुरु (पोरस)
(c) चन्द्रगुप्त मौर्य (d) महापद्मनंद

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – सिकंदर ने 326 ई. पू. में खैबर दर्रे को पार कर भारत में प्रवेश किया। सिकंदर के भारत पहुँचने पर तक्षशिला के राजा आम्भी (आम्भि) ने उसकी सहायता का वचन देकर उसकी अधीनता स्वीकार कर ली। झेलम तथा चिनाब नदियों के मध्यवर्ती प्रदेश के शासक पोरस (पुरु) द्वारा सिकंदर के समक्ष समर्पण की माँग ठुकरा देने के फलस्वरूप झेलम (वितस्ता) या हाइडेस्पीज का युद्ध हुआ। इस युद्ध में पोरस की हार हुई किन्तु उसकी वीरता से प्रसन्न होकर सिकंदर ने उसका राज्य उसे लौटा दिया।

**6. शक संवत् प्रारम्भ होता है –**

(a) 78 ई. से (b) 58 ई. पू. से
(c) 120 ई. से (d) 320 ई. से

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – कनिष्क ने अपने राज्यारोहण की स्मृति में 78 ई. में शक् सम्वत् को प्रारम्भ किया। चौथी बौद्ध संगीति कनिष्क के समय में कश्मीर में हुई थी। कश्मीर में कनिष्क ने कनिष्कपुर नामक एक नगर की स्थापना की थी।

**7. निम्नलिखित में से किस स्रोत में उल्लिखित है कि प्राचीन भारत में दासता नहीं थी?**

(a) अर्थशास्त्र (b) मुद्राराक्षस
(c) मेगस्थनीज की इण्डिका (d) वायुपुराण

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – मेगस्थनीज, सेल्यूकस 'निकेटर' द्वारा चंद्रगुप्त मौर्य की राजसभा में भेजा गया यूनानी राजदूत था। इसकी प्रमुख रचना इंडिका है जिसमें मेगस्थनीज ने तत्कालीन भारतीय समाज को सात श्रेणियों में विभाजित किया – 1. दार्शनिक, 2. कृषक्, 3. पशुपालक, 4. कारीगर, 5. योद्धा, 6. निरीक्षक, 7. मंत्री। मेगस्थनीज ने भारतीय समाज में दास प्रथा के प्रचलित होने का अपने ग्रंथ 'इंडिका' में कोई उल्लेख नहीं किया है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**8. निम्नलिखित तमिल ग्रन्थों में किसे 'लघुवेद' की संज्ञा दी गई है?**

(a) नन्दिकलम्बकम् (b) कलिंगपुत्तपर्णि
(c) पेरियापुराणम् (d) कुरल

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या**–तमिल भाषा में रचित 'कुरल' (तिरुक्कुरल) को 'लघुवेद' की संज्ञा दी गई है। इसके रचयिता तमिल कवि तिरुवल्लूर थे। इस ग्रंथ में कुल 133 अध्याय और 1330 कविताएँ हैं। कुरल को तमिल साहित्य का बाइबिल अथवा पंचमवेद भी माना जाता है।

## 800 ई. से 1200 ई. की राजनैतिक सामाजिक स्थिति

**9. चोल शासकों के शासनकाल में निम्नलिखित में से कौन सा वारियम् उद्यान प्रशासन का कार्य देखता था?**

(a) पान वारियम् (b) एरि वारियम्
(c) टोट्ट वारियम् (d) सम्वत्सर वारियम्

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – चोल प्रशासन में वारियम् अर्थात् कार्यकारिणी समिति के सदस्य 'वारियपेरुमक्कल' कहलाते थे। इसमें कुल तीस सदस्य होते थे जिसमें से 12 बुजुर्ग व विद्वान सदस्य को वार्षिक समिति (सम्वत्सरवारियम्) के लिए 12 सदस्य उद्यान समिति (तोट्ट वारियम्) तथा 6 सदस्य तड़ाग समिति (एरिवारियम्) के लिए निर्वाचित होते थे।

# मध्यकालीन इतिहास

## दिल्ली सल्तनत

**10. शाहनामा का लेखक, फरिस्ता किसके दरबार से सम्बन्धित था?**

(a) सुबुक्तगीन (b) महमूद गजनवी
(c) मोहम्मद गोरी (d) अलप्तगीन

**उत्तर** – (*)

**व्याख्या**–दिया गया प्रश्न त्रुटिपूर्ण है, क्योंकि शाहनामा का लेखक, फरिश्ता न होकर फिरदौसी है और यह महमूद गजनवी के दरबार का प्रसिद्ध विद्वान कवि था। फरिश्ता (1560-1620 ई.) ने तारीख-ए-फरिश्ता या गुलशन-ए-इब्राहिमी नामक किताब लिखी है। इसका पूरा नाम मुहम्मद कासिम हिन्दू शाह था। यह कुछ समय तक अहमदनगर के शासक मुर्तजा निजाम शाह के दरबार में रहा तथा बाद में बीजापुर चला गया। इसकी पुस्तक तारीख-ए-फरिश्ता बीजापुर के शासक इब्राहिम आदिल शाह को समर्पित थी।

## मराठा वंश

**11. औरंगजेब की मृत्यु के समय मराठा नेतृत्व किसके हाथों में था?**

(a) शम्भाजी के (b) राजाराम के
(c) जीजाबाई के (d) ताराबाई के

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – औरंगजेब की मृत्यु 3 मार्च, 1707 ई. को अहमदनगर के पास हुई थी। इस समय मराठा नेतृत्व राजाराम की मृत्यु के पश्चात् उसकी विधवा पत्नी ताराबाई के हाथ में था। ताराबाई ने अपने 4 वर्षीय पुत्र शिवाजी द्वितीय का राज्याभिषेक करवाकर मराठा साम्राज्य की वास्तविक संरक्षिका बन गयीं।

# आधुनिक इतिहास

## मुगल साम्राज्य का विघटन एवं यूरोपीय वाणिज्य का प्रारम्भ

**12. निम्न में से भारत के किस वायसराय की हत्या एक दण्डित अपराधी द्वारा उस समय कर दी गई थी, जब वह अण्डमान-निकोबार द्वीप समूह के भ्रमण पर था?**

(a) लॉर्ड रिपन (b) लॉर्ड कर्जन
(c) लॉर्ड मेयो (d) लॉर्ड मिण्टो

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – लॉर्ड मेयो (1869-72) की हत्या अंडमान निकोबार द्वीप समूह के भ्रमण के दौरान फरवरी, 1872 से एक अफगान शेरे अल्ली (दंडित अपराधी) द्वारा चाकू मारकर की गई थी। मेयो प्रथम गवर्नर जनरल था, जिसकी हत्या उसके कार्यकाल में की गयी थी। मेयो ने अफगानिस्तान के संदर्भ में सर जॉन लारेन्स की नीति का समर्थन किया। रिचर्ड ब्रुक, मेयो के छठे अर्ल को लॉर्ड मेयो के नाम से जाना जाता है।

## प्रमुख संस्थाएं, सन्धियां, आयोग, अधिनियम

**13. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का प्रथम निर्वाचित यूरोपीय अध्यक्ष था–**

(a) ए. ओ. ह्यूम (b) जॉर्ज यूले
(c) अल्फ्रेड वेब (d) एनी बेसेंट

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस के 1888 में इलाहाबाद के राष्ट्रीय अधिवेशन में जॉर्ज यूले को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। जार्ज यूले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम निर्वाचित यूरोपीय अध्यक्ष थे।

**14. शारदा अधिनियम में लड़कियों एवं लड़कों के विवाह की न्यूनतम आयु क्रमशः निर्धारित थी –**

(a) 12 वर्ष एवं 16 वर्ष (b) 14 वर्ष एवं 18 वर्ष
(c) 15 वर्ष एवं 21 वर्ष (d) 16 वर्ष एवं 22 वर्ष

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – 1929 ई. में अजमेर निवासी प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. हरविलास शारदा के प्रयत्नों से एक बाल विवाह निषेध कानून बना जिसमें लड़कियों एवं लड़कों के विवाह की न्यूनतम आयु क्रमशः 14 वर्ष एवं 18 वर्ष थी।

## स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्रीय आन्दोलन

**15. 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के समय भारत का गवर्नर जनरल था –**

(a) लॉर्ड हार्डिंग (b) लॉर्ड कैनिंग
(c) लॉर्ड मेयो (d) लॉर्ड डफरिन

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – 1857 के विद्रोह के समय भारत का गवर्नर जनरल लॉर्ड कैनिंग (1856-62) था। लॉर्ड कैनिंग भारत में कम्पनी द्वारा नियुक्त अंतिम गवर्नर जनरल तथा ब्रिटिश क्राउन के अधीन नियुक्त भारत का पहला वायसरॉय था। न्यायिक सुधारों के अंतर्गत कैनिंग ने 'इंडियन हाईकोर्ट ऐक्ट' द्वारा बम्बई, मद्रास तथा कलकत्ता में एक-एक उच्च न्यायालय की स्थापना की। सामाजिक सुधारों के अंतर्गत विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 1856 कैनिंग के कार्यकाल में ही पारित हुआ।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**16. निम्न में से भारत में उन्नीसवीं शताब्दी में पड़े किस अकाल को 'प्रकोप का समुद्र' (सी ऑफ कैलेमिटी) कहा गया है?**

(a) बिहार अकाल, 1873
(b) राजपूताना अकाल, 1868-69
(c) मद्रास प्रेसीडेन्सी अकाल, 1866-67
(d) उड़ीसा अकाल, 1866-67

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – 1866-67 का उड़ीसा अकाल अपनी भयावहता के कारण 'प्रकोप का समुद्र' कहा जाता है। यह अकाल 1866 में पूर्वी किनारा (कोस्ट) से लेकर मद्रास तक फैला था। इसने लगभग 4 करोड़ 45 लाख आबादी को अपनी चपेट में लिया।

**17. निम्नलिखित में से कौन 02 सितम्बर, 1946 को गठित अंतरिम सरकार में मंत्री नहीं थे?**

(a) जवाहर लाल नेहरू (b) लियाकत अली खाँ
(c) अबुल कलाम आजाद (d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – 2 दिसम्बर, 1946 को पंडित जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में अंतरिम सरकार की स्थापना हुई। कैबिनेट मिशन योजना के तहत अंतरिम सरकार की घोषणा 24 अगस्त, 1946 को की गई थी। लीग के अंतरिम सरकार में शामिल होने के बाद इसमें पं. जवाहर लाल नेहरू, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभभाई पटेल, आसफ अली, डॉ. जॉन मथाई, जगजीवन राम, सरदार बलदेव सिंह, गजनफर अली खाँ, लियाकत अली खाँ, अब्दुर रब नस्तर, इब्राहिम इस्माइल चुंद्रीगर और डॉ. सी. एच. भाभा शामिल थे। इसमें विधि मंत्री लीग द्वारा नामित जोगेन्द्र नाथ मंडल थे। अबुल कलाम आजाद इसमें शामिल नहीं थे।

**18. 'स्वराज' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया?**

(a) बाल गंगाधर तिलक ने (b) लाला लाजपत राय ने
(c) एस. सी. बोस ने (d) महात्मा गाँधी ने

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – दिये गये विकल्पों के अनुसार– स्वराज शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम बाल गंगाधर तिलक ने किया था। तिलक ने उद्घोषणा की कि "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा।" लेकिन वास्तव में 'स्वराज' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग दयानन्द सरस्वती द्वारा किया गया था।

**19. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का एकमात्र अधिवेशन जिसकी अध्यक्षता महात्मा गाँधी ने की थी –**

(a) इलाहाबाद अधिवेशन-1921 (b) गया अधिवेशन-1922
(c) बेलग्राम अधिवेशन-1924 (d) कराची अधिवेशन-1930

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – दिसम्बर, 1924 में कर्नाटक के बेलग्राम में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का 40वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन, एकमात्र अधिवेशन था जो महात्मा गाँधी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ था।

**20. निम्न में से किस एक को लाला लाजपत राय ने अपना राजनीतिक गुरु माना था?**

(a) गैरीबाल्डी को (b) विवेकानन्द को
(c) दादाभाई नौरोजी को (d) मैजिनी को

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – लाला लाजपत राय ने मैजिनी को अपना राजनीतिक गुरु माना था। मैजिनी इतालवी राष्ट्रवादी थे, जो 1848 में इटली गणतंत्र के तानाशाह बने। उन्होंने एक स्वतंत्र व एकीकृत इटली की वकालत की।

**21. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**

(a) नवजीवन – एम. के. गाँधी
(b) स्वराज्य – टी. प्रकाशम्
(c) प्रभात – एन. सी. केलकर
(d) कौमी आवाज – अबुल कलाम आजाद

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – 'दि नेशनल हेराल्ड' समाचार पत्र का प्रकाशन जवाहर लाल नेहरू ने 9 सितम्बर, 1938 को लखनऊ से शुरू किया था। इस समाचार पत्र के हिन्दी संस्करण का नाम 'नवजीवन' और उर्दू संस्करण का नाम 'कौमी आवाज' था। ध्यातव्य हो कि महात्मा गाँधी ने यंग इंडिया, हरिजन व नवजीवन नामक समाचार पत्रों का सम्पादन किया था।

**22. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. भारत मित्र | 1. बंगाली |
| B. राष्ट्रमाता | 2. गुजराती |
| C. प्रजामित्र | 3. हिन्दी |
| D. नायक | 4. मराठी |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 | (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 | (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – सही सुमेलन निम्नवत् है –

| | | |
|---|---|---|
| भारत मित्र | – | हिन्दी |
| राष्ट्रमाता | – | मराठी |
| प्रजामित्र | – | गुजराती |
| नायक | – | बंगाली |

**23. निम्नलिखित भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के किस अधिवेशन में महात्मा गाँधी को चम्पारण के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया गया था?**

(a) बनारस अधिवेशन, 1905 (b) कलकत्ता अधिवेशन, 1906
(c) सूरत अधिवेशन, 1907 (d) लखनऊ अधिवेशन, 1916

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – कांग्रेस के 1916 के लखनऊ अधिवेशन में ही महात्मा गाँधी से किसान नेता राजकुमार शुक्ल की मुलाकात हुई थी, जिन्होंने उन्हें चम्पारण के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया था।

**24. सुभाषचन्द्र बोस ने स्वतंत्र भारत की अंतरिम सरकार की स्थापना की घोषणा की थी –**

(a) 21 अक्टूबर, 1943 को (b) 22 अक्टूबर, 1943 को
(c) 23 अक्टूबर, 1943 को (d) 24 अक्टूबर, 1943 को

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – 21 अक्टूबर, 1943 को सुभाष चन्द्र बोस ने सिंगापुर में स्वतंत्र भारत की अंतरिम सरकार के स्थापना की घोषणा की थी।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

25. **भारतीय राष्ट्रवाद का जनक किसे माना जाता है?**
(a) गोपाल कृष्ण गोखले (b) बाल गंगाधर तिलक
(c) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – उग्रवाद के महान् स्तम्भ बाल गंगाधर तिलक को भारतीय राष्ट्रवाद का जनक माना जाता है। जबकि राष्ट्रवाद की आधुनिक संकल्पना के अर्थ में भारतीय राष्ट्रवाद के अग्रदूत एवं आधुनिक भारत के जनक राजा राममोहन राय थे।

# भारत का भूगोल

## भौतिक संरचना/अपवाह तंत्र/मानव भूगोल

26. **निम्नलिखित में से किस राज्य का गठन वर्ष 1948 में हुआ?**
(a) पश्चिम बंगाल का (b) असम का
(c) पंजाब का (d) हिमाचल प्रदेश का
**उत्तर** – (*)

**व्याख्या** – सभी विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।
सन् 1947 में भारत ब्रिटिश साम्राज्य से स्वतंत्र हुआ हैदराबाद के निजाम ने भारत से अपनी स्वतंत्रता को बनाए रखना चाहा लेकिन इस क्षेत्र के लोगों ने भारतीय संघ में शामिल होने के लिए आन्दोलन शुरू कर दिया। यह 5 दिनों तक चलने वाले 'ऑपरेशन पोलो' के बाद 1948 में हैदराबाद राज्य को भारत का हिस्सा बना दिया गया। वर्तमान में हैदराबाद तेलंगाना की राजधानी है।
जबकि निम्न राज्यों के गठन का वर्ष इस प्रकार है-

| | |
|---|---|
| पश्चिम बंगाल | – 26 जनवरी, 1950 |
| असम | – 26 जनवरी, 1960 |
| पंजाब | – 01 नवम्बर, 1966 |
| हिमांचल प्रदेश | – 25 जनवरी, 1971 |

27. **निम्नलिखित में से कौन एक जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी पुनर्नवीनी मिशन के सम्बन्ध में सही नहीं है?**
(a) इसे 2005 में प्रारम्भ किया गया
(b) यह एक 10 वर्षीय कार्यक्रम था
(c) यह भारतीय शहरों में जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए था
(d) यह समावेशी विकास को बढ़ाने के लिए था
**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी पुनर्नवीनीकरण मिशन का उद्देश्य देश के नगरों का व्यापक आधुनिकीकरण करना है। इस मिशन के दो मुख्य घटक हैं यथा – (1) शहरी आधारभूत संरचना एवं प्रशासन (UIG), 2. शहरी निर्धनों को बुनियादी सेवाएं (BSUP)
यह मिशन वर्ष 2005-06 से शुरू हुआ। J.N.N.U.R.M. की अवधि 2005-06 से प्रारम्भ होकर 7 वर्ष रखी गई है। इस मिशन के अंतर्गत प्रत्येक शहर के लिए जल आपूर्ति, सीवर प्रणाली, सफाई, ठोस अवशिष्ट, शहरी परिहवन, शहरी नगरीकरण, विरासत संरक्षण और मलिन बस्तियों के सुधार की विशेष परियोजनाओं की योजना बनाने तथा विकास और उन्हें लागू करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जाती है।

28. **छत्तीसगढ़ की सीमा उभयनिष्ठ नहीं है** –
(a) महाराष्ट्र के साथ (b) बिहार के साथ
(c) ओडिशा के साथ (d) आंध्र प्रदेश के साथ
**उत्तर** – (b)

**व्याख्या**–छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और झारखण्ड राज्यों के साथ उभयनिष्ठ है।

29. **कथन (A) :** भारत की पश्चिमी घाट की नदियाँ डेल्टा का निर्माण नहीं करती हैं।
**कारण (R) :** वे छोटे प्रवाह क्षेत्र से अपेक्षाकृत कठोर चट्टानों पर प्रवाहित होती हैं।
**उपर्युक्त कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :**
**कूट :**
(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।
**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – प्रायद्वीपीय भारत की प्रमुख नदियों का उद्गम पश्चिमी घाट से ही होता है। पश्चिमी घाट से निकलकर पूर्व की ओर प्रवाहित होने वाली नदियाँ लम्बे मार्ग का अनुसरण करती हैं तथा डेल्टा का निर्माण करती हैं। पश्चिम की ओर प्रवाहित होने वाली नदियाँ भ्रंश घाटी की कठोर चट्टानों से होकर प्रवाहित होती हैं तथा छोटे मार्ग का अनुसरण करती हैं। ये नदियाँ इसी कारण डेल्टा का निर्माण नहीं कर पाती हैं।

30. **कावेरी नदी के उद्गम का स्रोत है** –
(a) ब्रह्मगिरि पहाड़ियाँ (b) सह्याद्रि पहाड़ियाँ
(c) गवालीगढ़ पहाड़ियाँ (d) अमरकंटक पहाड़ियाँ
**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – कावेरी नदी कर्नाटक के कुर्ग जिले में ब्रह्मगिरि की पहाड़ियों से निकलकर 800 किमी. लम्बाई तथा 81155 वर्ग किमी. के अपवाह क्षेत्र में प्रवाहित होती है। यह तिरुचिरापल्ली के निकट बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है।

31. **निम्न में से किस नदी के तट पर गोरखपुर स्थित है?**
(a) घाघरा (b) गण्डक (c) राप्ती (d) सरयू
**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – गोरखपुर राप्ती नदी के तट पर स्थित है। राप्ती नदी नेपाल के दक्षिणी भाग की लघु हिमालय श्रेणी (धौलागिरी) के दक्षिण में रूकुमकोट के समीप से निकलती है।

## मानसून, वन, मिट्टी, सिंचाई परियोजनाएँ, कृषि

32. **गोविन्द वल्लभ पंत सागर जलाशय स्थित है** –
(a) उत्तर प्रदेश में (b) छत्तीसगढ़ में
(c) झारखण्ड में (d) उत्तराखण्ड में
**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – गोविन्द वल्लभ पंत सागर जलाशय उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के पिपरी नामक स्थान पर निर्मित एक कृत्रिम झील है जिसका विस्तार लगभग 70 वर्ग मील में है।


GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

## खनिज, शक्ति संसाधन एवं उद्योग व व्यापार

**33. निम्न राज्यों में से किसे ग्रामीण पर्यटन परियोजनाओं के क्रियान्वयन में सर्वोत्तम राज्य घोषित किया गया है?**

(a) सिक्किम (b) केरल
(c) गोवा (d) असम

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा सिक्किम राज्य को ग्रामीण पर्यटन परियोजनाओं के क्रियान्वयन में सर्वोत्तम राज्य का पुरस्कार दिया गया।

**34. निम्न में से किसका नाम, मार्च, 2014 तक के लिए निर्यात हेतु 'उत्कृष्ट नगरों' में नहीं रखा गया है?**

(a) पानीपत (b) लुधियाना
(c) त्रिपुर (d) मदुरै

**उत्तर** – (*)

**व्याख्या** – मार्च, 2014 तक के लिये निर्यात हेतु 'उत्कृष्ट नगरों' में मदुरै, लुधियाना, त्रिपुर तथा पानीपत चारो रखे गये हैं। नई विदेश नीति, 2023 में चार नए शहरों फरीदाबाद, मिर्जापुर, मुरादाबाद तथा वाराणसी को विद्यमान 39 शहरों के अतिरिक्त 'निर्यात उत्कृष्टता शहर' के रूप में निर्दिष्ट किया गया है।

**35. निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित नहीं है?**

(a) लौह अयस्क – कुद्रेमुख (b) मैंगनीज – कोरापुट
(c) ताँबा – खेत्री (d) कोयला – सिंगरेनी

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – मैंगनीज के भण्डारण की दृष्टि से भारत में ओडिशा प्रथम स्थान पर है। इंडियन मिनिरल ईयरबुक के अनुसार, 2020-21 में मैंगनीज का सर्वाधिक उत्पादन मध्य प्रदेश राज्य द्वारा किया जिसकी कुल उत्पादन में लगभग 34% है। कोरापुट बॉक्साइट का मुख्य भण्डारण वाला स्थान है।

**36. नवग्राम तेल क्षेत्र स्थित है –**

(a) असम में (b) गुजरात में (c) महाराष्ट्र में (d) आंध्र प्रदेश में

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – गुजरात तटीय क्षेत्र देश का प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्र है। यहाँ तेल उत्पादन के प्रमुख क्षेत्र अंकलेश्वर, कलोल, नवग्राम एवं ल्युनेज हैं।

# विश्व का भूगोल

## स्थल मण्डल

**37. महावेली गंगा एक नदी है –**

(a) बांग्लादेश की (b) भारत की
(c) श्रीलंका की (d) नेपाल की

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**–महावेली गंगा श्रीलंका की सबसे बड़ी नदी है। इसका प्रवाह क्षेत्र 335 किमी. है। इसमें 10448 वर्ग किमी. का जल निकासी बेसिन है जो देश में सबसे बड़ा है। यह द्वीप के कुल क्षेत्रफल का लगभग पाँचवां हिस्सा कवर करता है।

## आर्थिक भूगोल

**38. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों को नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. मानसूनी वन | 1. आलूबुखारा (प्लम) एवं जैतून |
| B. विषुवत रेखीय वन | 2. चीड़ तथा फर |
| C. भूमध्यसागरीय वन | 3. सागौन तथा साखू |
| D. कोणधारी वन | 4. महोगनी एवं रोजवुड |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – सही सुमेलन इस प्रकार है –

| सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|
| मानसूनी वन | – | सागौन तथा साखू |
| विषुवत रेखीय वन | – | महोगनी एवं रोजवुड |
| भूमध्यसागरीय वन | – | आलूबुखारा (प्लम) एवं जैतून |
| कोणधारी वन | – | चीड़ तथा फर |

**39. निम्नलिखित में से वर्ष 2010 में भारतीय पर्यटकों का सर्वप्रिय (दर्शकों की संख्या की दृष्टि से) गंतव्य कौन देश था?**

(a) ऑस्ट्रेलिया
(b) सिंगापुर
(c) संयुक्त राज्य अमेरिका (यू. एस. ए.)
(d) यूनाइटेड किंगडम (यू. के.)

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – भारतीय पर्यटकों का सर्वप्रिय (दर्शकों की संख्या की दृष्टि से) गंतव्य स्थल सिंगापुर है। पर्यटन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2018 से मई 2018 के मध्य छः लाख भारतीय पर्यटक सिंगापुर गए। भारत पर्यटन सांख्यिकी 2022 के अनुसार वर्ष 2021 में भारतीय पर्यटकों का सर्वश्रेष्ठ गंतव्य संयुक्त अरब अमीरात (UAE) रहा जहां लगभग 36 लाख भारतीयों ने यात्रा की।

## मानव भूगोल एवं मानचित्रावली

**40. 'लोक-नगरीय सातत्य' के विचार को उस आधार पर विकसित किया गया जो अध्ययन किये गये –**

(a) मैक्सिको में (b) ब्राजील में
(c) इंडोनेशिया में (d) भारत में

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – 'लोक नगरीय सातत्य' के विचार को मैक्सिको में किये गये अध्ययन के आधार पर रॉबर्ट रेडफील्ड ने प्रतिपादित किया था।

**41. जाम्बिया की सीमा उभयनिष्ठ नहीं है –**

(a) नामीबिया के साथ (b) तंजानिया के साथ
(c) अंगोला के साथ (d) बोत्सवाना के साथ

**उत्तर** – (d)



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या**–जाम्बिया की सीमा बोत्सवाना से उभयनिष्ठ नहीं है। जाम्बिया दक्षिणी अफ्रीका का एक भू-आबद्ध देश है, जिसकी राजधानी लुसाका है। इसके उत्तर में कांगो, उत्तर-पूर्व में तंजानिया, पूर्व में मलावी, मोजाम्बिक, जिम्बाब्वे, और नामीबिया दक्षिण में और अंगोला पश्चिम में है।

## जनसंख्या एवं नगरीकरण

**42. निम्नलिखित में से कौन उत्तर प्रदेश का (जनसंख्या की दृष्टि से) सबसे बड़ा जनपद है?**

(a) मुरादाबाद (b) लखनऊ
(c) इलाहाबाद (d) गाजियाबाद

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**– वर्ष 2011 के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक आबादी वाले पाँच जिले इस प्रकार हैं–

| **शहर** | | **जनसंख्या** |
|---|---|---|
| प्रयागराज (इलाहाबाद) | – | 5954,391 |
| मुरादाबाद | – | 47,72,006 |
| गाजियाबाद | – | 46,81,645 |
| आजमगढ़ | – | 46,13,913 |
| लखनऊ | – | 45,89,838 |

**43. निम्न राज्यों के निर्माण का सही आरोही क्रम है –**

(a) नागालैण्ड, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश
(b) मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, सिक्किम
(c) अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, सिक्किम, मेघालय
(d) सिक्किम, नागालैण्ड, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय

**उत्तर**– (a)

**व्याख्या**–नागालैण्ड का गठन 1963 में, मेघालय का गठन 1972 में, सिक्किम का गठन 1975 में तथा अरुणाचल प्रदेश का गठन 1987 में हुआ।

**44. निम्नलिखित में से किस राज्य का लिंगानुपात राष्ट्रीय औसत से ऊपर है?**

(a) गुजरात (b) झारखण्ड
(c) महाराष्ट्र (d) मध्य प्रदेश

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – जनगणना 2011 के अनुसार– झारखण्ड राज्य का लिंगानुपात 949 है, जो कि राष्ट्रीय औसत (943) से अधिक है।

| | |
|---|---|
| गुजरात का लिंगानुपात | – 919 |
| महाराष्ट्र का लिंगानुपात | – 929 |
| मध्य प्रदेश का लिंगानुपात | – 931 |

**45. निम्नलिखित में से भारत के किस राज्य में स्त्री-पुरुष शिक्षा में निम्नतम अंतर है?**

(a) केरल (b) मेघालय
(c) नागालैण्ड (d) मिजोरम

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – प्रश्नानुसार, जनगणना 2011 के अंतिम आँकड़ों के अनुसार स्त्री-पुरुष साक्षरता दर–

| **राज्य** | **कुल साक्षरता** | **स्त्री** | **पुरुष** |
|---|---|---|---|
| केरल | 94.00% | 92.07% | 96.11% |
| मेघालय | 74.43% | 72.89% | 75.95% |
| नागालैण्ड | 79.55% | 76.11% | 82.75% |
| मिजोरम | 91.33% | 89.27% | 93.35% |

**46. निम्न में से किस राज्य में महिला साक्षरता दर वर्ष 2001 में सर्वाधिक थी?**

(a) तमिलनाडु (b) महाराष्ट्र
(c) मिजोरम (d) चंडीगढ़

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – भारत में 2001 की जनगणनानुसार मिजोरम राज्य की महिला साक्षरता दर 86.75 थी। 2011 के नवीनतम जनगणना के अनुसार सर्वाधिक महिला साक्षरता दर (92.07%) केरल की है।

**47. जनगणना, वर्ष 2001 के अनुसार उत्तर प्रदेश में साक्षरता दर थी–**

(a) भारत की औसत साक्षरता दर से अधिक
(b) राजस्थान से अधिक
(c) ओडिशा से कम
(d) बिहार से कम

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** –2001 की जनगणनानुसार उत्तर प्रदेश की साक्षरता दर (56.27) ओडिशा की साक्षरता दर (63.08) से कम थी। जनगणना 2011 के अनुसार उत्तर प्रदेश की साक्षरता दर (67.7%) ओडिशा की साक्षरता दर 72.87% से कम है। जनगणना 2011 के अनुसार भारत की साक्षरता दर 73% है जिसमें पुरुष साक्षरता 80.9% व महिला साक्षरता 64.6% है।

**48. निम्नलिखित में से किस जनगणना वर्ष में भारत में लिंगानुपात 946 था?**

(a) 1921 (b) 1941
(c) 1951 (d) 1971

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**–जनगणना वर्ष 1951 में भारत का लिंगानुपात 946 था।

| **जनगणना वर्ष** | | **लिंगानुपात (भारत)** |
|---|---|---|
| 1921 | – | 955 |
| 1941 | – | 945 |
| 1951 | – | 946 |
| 1971 | – | 930 |

**49. वर्ष 2001-2011 की अवधि में कुल जनसंख्या में निम्नतम प्रतिशत वृद्धि वाला राज्य है –**

(a) नागालैण्ड (b) गोवा
(c) केरल (d) तमिलनाडु

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – न्यूनतम् दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर वाले 5 राज्य/केंद्रशासित प्रदेश इस प्रकार हैं –

| **राज्य/कें. शा. प्रदेश** | | **वृद्धि दर** |
|---|---|---|
| नागालैण्ड | – | (-0.6%) |
| केरल | – | 4.91% |
| लक्षद्वीप | – | 6.3% |
| अंडमान एवं निकोबार | – | 6.86% |
| गोवा | – | 8.23% |



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**50. रेडफील्ड तथा सिंगर के विचार में प्राथमिक नगरीकरण की प्रक्रिया को किसके विकास से विशेषीकृत (characterized by) किया जाता है?**

(a) लोक परम्परा के (b) अभिजात परम्परा के

(c) वृहद् परम्परा के (d) लघु परम्परा के

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – रेडफील्ड तथा सिंगर के मतानुसार प्राथमिक नगरीकरण की प्रक्रिया को लोक परम्परा के विकास से विशेषीकृत किया जाता है।

**51. उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित नगरों का भौगोलिक क्षेत्रफल की दृष्टि से सही अवरोही क्रम क्या है?**

(a) वाराणसी, बागपत, संत रविदास नगर, गौतम बुद्ध नगर

(b) संत रविदास नगर, वाराणसी, संत रविदास नगर, बागपत

(c) गौतम बुद्ध नगर, वाराणसी, संत रविदास नगर, बागपत

(d) वाराणसी, गौतम बुद्ध नगर, बागपत, संत रविदास नगर

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित जिलों का क्षेत्रफल –

| **जिला** | | **क्षेत्रफल (वर्ग किमी. में)** |
|---|---|---|
| वाराणसी | – | 1535 |
| गौतम बुद्ध नगर | – | 1442 |
| बागपत | – | 1321 |
| संत रविदास नगर (भदोही) | – | 1015 |

# भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था

## भारत का संवैधानिक विकास

**52. निम्नांकित में से कौन भारतीय गणतंत्र का प्रमुख है?**

(a) भारत का राष्ट्रपति

(b) भारत का प्रधानमंत्री

(c) मंत्रिमण्डल

(d) राजनीतिक प्रमुख मंत्रिपरिषद् सहित

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – संविधान के अनुच्छेद-52 में कहा गया है कि भारत का एक राष्ट्रपति होगा। राष्ट्रपति राज्य का अध्यक्ष होता है। भारत सरकार की समूची कार्यपालिका कार्यवाही उसके नाम से की जाती है (अनुच्छेद-53)। रक्षा बलों की सर्वोच्च कमान उसमें निहित होती है और उसका प्रयोग कानून द्वारा विनियमित होता है (अनुच्छेद-77)।

## नागरिकता, मूल अधिकार, मूल कर्त्तव्य, राज्य के नीतिनिदेशक तत्व

**53. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. संविधान का भाग XV | 1. आपात उपबन्ध |
| B. संविधान का भाग XVI | 2. राजभाषा |
| C. संविधान का भाग XVII | 3. कुछ वर्गों के संबंध में विशेष उपबन्ध |
| D. संविधान का भाग XVIII | 4. निर्वाचन |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 | (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 | (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – सही सुमेलन इस प्रकार है –

| **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|
| संविधान का भाग 15 | – | निर्वाचन |
| संविधान का भाग 16 | – | कुछ वर्गों के संबंध में विशेष उपबन्ध |
| संविधान का भाग 17 | – | राजभाषा |
| संविधान का भाग 18 | – | आपात उपबंध |

**54. निम्नलिखित में से कौन एक राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्तों का उद्देश्य नहीं है?**

(a) एक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना।

(b) सामाजिक आर्थिक न्याय को सुनिश्चित करना।

(c) एक धार्मिक राज्य की स्थापना करना।

(d) एक धर्मनिरपेक्ष राज्य की स्थापना करना।

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** संविधान के भाग-4 में अनुच्छेद-36 से 51 तक में समाविष्ट राज्य के नीति निदेशक तत्व हमारे संविधान को अनोखी विलक्षणता प्रदान करते हैं, एक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना, पंथ-निरपेक्ष राज्य की स्थापना करना आदि है। इसका उद्देश्य एक धार्मिक राज्य की स्थापना करना नहीं है।

## केन्द्र-राज्य की कार्यपालिका, आपात उपबन्ध

**55. संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कौन करता है?**

(a) भारत का राष्ट्रपति (b) राज्य सभा का सभापति

(c) लोकसभा अध्यक्ष (d) प्रधानमंत्री

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – धन विधेयक और संविधान संशोधन विधेयक से इतर किसी विधेयक के संदर्भ में संसद के दोनों सदनों में असहमति की स्थिति में राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 108 के अंतर्गत दोनों सदनों की संयुक्त बैठक बुलाई जा सकती है, जिसकी अध्यक्षता अनुच्छेद 118 (4) के अंतर्गत लोकसभा अध्यक्ष करता है।

# अर्थव्यवस्था

## गरीबी एवं बेरोजगारी

**56. कथन (A) :** शहरी गरीबी की जड़ ग्रामीण क्षेत्रों में होती है।

**कारण (R) :** ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर निम्न होता है।

**उपर्युक्त कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

**कूट :**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

(d) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

**उत्तर** – (b)



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या** – शहरों में रोजगार और अन्य जीविकोपार्जन के साधनों के तलाश में ग्रामीण लोगों का प्रवासन होता है जिससे शहरों में गरीबी बढ़ जाती है। उपर्युक्त कथन (A) अर्थात् शहरी गरीबी की जड़ ग्रामीण क्षेत्रों में होती है तथा कारण (R) ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर निम्न होता है, दोनों सत्य हैं परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नही है।

**57. भारत में गरीबी का स्तर निर्धारित होता है –**

(a) विभिन्न प्रदेशों के प्रति व्यक्ति आय के आधार पर।
(b) औसत घरेलू आय के आधार पर।
(c) घरेलू उपभोक्ता के व्यय के आधार पर।
(d) देश के मलिन आबादी के आधार पर।

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – भारत में गरीबी का आकलन नीति आयोग द्वारा प्रत्येक 5 वर्ष पर राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (NSSO) द्वारा संग्रहित परिवार आधारित उपभोग व्यय के आँकड़ों के आधार पर किया जाता है।

## आर्थिक नियोजन एवं राष्ट्रीय आय/बजट

**58. वाटर (प्रिवेन्शन एण्ड कंट्रोल ऑफ पॉल्यूशन) सेस ऐक्ट लागू किया गया –**

(a) 1973 में (b) 1975 में
(c) 1977 में (d) 1979 में

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**–वाटर (प्रिवेंशन एण्ड कंट्रोल ऑफ पॉल्यूशन) सेस ऐक्ट 1977 में लागू किया गया था। इस अधिनियम की मुख्य विशेषतायें निम्नलिखित हैं– 1. जल प्रदूषण का निवारण एवं नियंत्रण, 2. जल की स्वास्थ्य वर्द्धक गुणवत्ता को बनाये रखना अथवा उसे पुनः स्थापित करना, 3. जल प्रदूषण के निवारण एवं नियंत्रण के उद्देश्य से केन्द्रीय एवं राज्य बोर्डों का गठन करना।

## कृषि, उद्योग एवं व्यापार

**59. विश्व स्तर पर सीमेंट उत्पादन (2010) में भारत का स्थान है –**

(a) पहला (b) दूसरा
(c) तीसरा (d) चौथा

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – विश्व स्तर पर सीमेंट उत्पादन में वर्ष 2023 में भारत का विश्व में चीन के बाद दूसरा स्थान था। भारत का सीमेन्ट उत्पादन वर्ष 2018 में 509 मिलियन टन था जिसे वर्ष 2020 तक बढ़ाकर 550 मिलियन टन करने का लक्ष्य था। प्रश्नानुसार भी विश्व स्तर पर सीमेंट उत्पादन (2010) में भारत का दूसरा स्थान था।

**60. मूँगफली मुख्य फसल है –**

(a) जॉर्जिया की (b) गैम्बिया की
(c) घाना की (d) ग्वाटेमाला की

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – मूंगफली गैम्बिया की मुख्य फसल है। वर्ष 2021-22 में भारत में मूंगफली उत्पादक शीर्ष राज्य क्रमशः गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु है।

**61. देश में एग्रो-इकोलॉजिकल क्षेत्र हैं –**

(a) 15 (b) 17
(c) 18 (d) 20

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – भारत में 20 कृषि पर्यावरणीय क्षेत्रों में बाँटा गया है–

1. पश्चिमी हिमालय (ठंडा) 2. पश्चिमी मैदान
3. दक्कन का पठार 4. उत्तरी मैदान
5. केन्द्रीय मालवा उच्च भूमि 6. दक्कन पठार गर्म अर्द्ध शुष्क क्षेत्र
7. दक्कन (तेलंगाना) पठार और पूर्वी घाट
8. पूर्वी घाट, तमिलनाडु के पठार
9. उत्तरी मैदान, गर्म उप-आर्द्र क्षेत्र
10. केन्द्रीय उच्च भूमि 11. पूर्वी पठार (छत्तीसगढ़)
12. पूर्वी (छोटानागपुर) पठार 13. पूर्वी मैदान
14. पश्चिमी हिमालय (गर्म) 15. बंगाल और असम के मैदान
16. पूर्वी हिमालय 17. उत्तर-पूर्वी हिल्स (पूर्वांचल)
18. पूर्वी तटीय मैदान 19. पश्चिमी घाट और तटीय मैदान
20. अण्डमान निकोबार और लक्षद्वीप

## मुद्रा/बैंकिंग एवं कर प्रणाली, केन्द्र-राज्य वित्तीय सम्बन्ध

**62. निम्न में से कौन एक संवैधानिक निकाय नहीं है?**

(a) वित्त आयोग (b) लोक सेवा आयोग
(c) योजना आयोग (d) चुनाव आयोग

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – संविधान का अनुच्छेद 280 प्रत्येक पांच वर्ष के अंतराल पर एक वित्त आयोग के गठन का प्रावधान करता है। संविधान के अनुच्छेद 315 का उपबंध है कि संघ के लिये एक लोक सेवा आयोग और प्रत्येक राज्य के लिए एक लोक सेवा आयोग होगा। अनुच्छेद 324 एक निर्वाचन आयोग का उपबंध करता है। योजना आयोग एक गैर-संवैधानिक संस्था है, जिसका गठन केंद्रीय मंत्रिमण्डल के एक संकल्प द्वारा 15 मार्च, 1950 को किया गया था। वर्तमान में योजना आयोग का स्थान 1 जनवरी, 2015 से नीति आयोग द्वारा ले लिया गया है।

**63. निम्न में से किस वर्ष में साधन लागत (फैक्टर कॉस्ट) पर (स्थिर कीमतों पर) जी.डी.पी. की संवृद्धि दर सर्वाधिक थी?**

(a) 2005-06 (b) 2006-07
(c) 2003-04 (d) 2007-08

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – 2001 से 2010 के दशक में साधन लागत पर (स्थिर कीमतों पर) सकल राष्ट्रीय उत्पाद की संवृद्धि दर वर्ष 2006-07 में 9.6% रही, जो सर्वाधिक थी। वर्ष 2022-23 में जी.डी.पी. वृद्धि दर 7% थी।

# विज्ञान

## भौतिक विज्ञान

**64. कथन (A) :** तड़ित चालकों को बनाने में लोहे की छड़ों की अपेक्षा ताँबे की छड़ों को वरीयता दी जाती है।

**कारण (R) :** लोहे की तुलना में ताँबा विद्युत का अधिक सुचालक है और वायुमंडलीय परिस्थितियों में सरलता से ऑक्सीकृत नहीं होता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**उपर्युक्त कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

**कूट :**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (A) की (R) सही व्याख्या है।

(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – लोहे की तुलना में ताँबा विद्युत का अधिक सुचालक है तथा वायुमण्डलीय परिस्थितियों में सरलता से ऑक्सीकृत नहीं होता है इसलिये तड़ित चालकों को बनाने में लोहे की अपेक्षा ताँबे की छड़ों को वरीयता दी जाती है। अतः कथन (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (A) की (R) सही व्याख्या है।

**65. किस सिद्धान्त पर जेट इंजन कार्य करता है?**

(a) रैखिक संवेग संरक्षण (b) कोणीय संवेग संरक्षण

(c) ऊर्जा संरक्षण (d) द्रव्यमान संरक्षण

**उत्तर** – (a)

व्याख्या – जेट इंजन रैखिक संवेग संरक्षण के सिद्धान्त पर कार्य करता है। आधुनिक विमान मुख्यतः जेट इंजन का ही प्रयोग करते हैं। जेट इंजन की खोज फ्रैंक ह्वीटल ने की थी।

## रसायन विज्ञान

**66. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. ऐसीटोन | 1. अग्निशामक |
| B. कार्बन टेट्राक्लोराइड | 2. नाखून पालिश अपसारक |
| C. हाइड्रोजन परॉक्साइड | 3. घावों की मरहम पट्टी |
| D. द्रव अमोनिया | 4. प्रशीतक |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–सही सुमेलन इस प्रकार है –

| सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|
| एसीटोन | – | नाखून पॉलिश अपसारक |
| कार्बन टेट्राक्लोराइड | – | अग्निशामक |
| हाइड्रोजन परॉक्साइड | – | घावों की मरहम पट्टी |
| द्रव अमोनिया | – | प्रशीतक |

**67. निम्नलिखित में से किस तत्व की कमी को पूरा करने के लिए कीटभक्षी पौधे कीटों को पकड़ते तथा उनका भक्षण करते हैं?**

(a) मैंगनीज (b) नाइट्रोजन

(c) मैग्नीशियम (d) सल्फर

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – नाइट्रोजन की कमी को पूरा करने के लिए कीटभक्षी पौधे कीटों को पकड़ते तथा उनका भक्षण करते हैं।

## वनस्पति विज्ञान

**68. वह क्रिया जिसके द्वारा पौधे अपना भोजन तैयार करते हैं, कहलाती है –**

(a) रसाकर्षण (b) श्वसन

(c) प्रकाश संश्लेषण (d) रस संकुचन

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा पौधे अपने भोजन का निर्माण करते हैं। इस क्रिया में पौधे कार्बन डाईऑक्साइड गैस और जल को ग्रहण करते हैं तथा ऑक्सीजन का मुक्त करते हैं।

**69. निम्न में से किस कोशिकांग (organelle) को कोशिका का 'पावर हाउस' कहते हैं?**

(a) राइबोसोम (b) माइटोकॉण्ड्रिया

(c) कोशिका झिल्ली (d) सेन्ट्रोसोम

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – माइटोकॉण्ड्रिया यूकैरियाटिक कोशिकाओं में पायी जाती है। यह कोशिकाओं द्वारा उपयोग किये जाने वाले ऊर्जा के मुख्य स्रोत ATP का निर्माण करती है। इसलिए इसे कोशिका का पॉवर हाउस कहते हैं।

**70. निम्न में से आलू का कौन सा भाग खाने योग्य होता है?**

(a) तना (b) बीज

(c) जड़ (d) फल

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – तना पौधे का वह भाग होता है जो भूमि एवं जल के विपरीत तथा प्रकाश की ओर वृद्धि करता है। यह प्रांकुर से विकसित होता है और शाखाओं, पत्तियों, फूल एवं फल का रूप धारण करता है। आलू का खाने वाला भाग स्तम्भ कन्द नामक तना होता है।

## मानव चिकित्सा विज्ञान (जन्तु विज्ञान)

**71. पेशी थकान के लिए निम्नलिखित में से कौन उत्तरदायी है?**

(a) यूरिक अम्ल (b) पाइरूविक अम्ल

(c) बेन्जोइक अम्ल (d) लैक्टिक अम्ल

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या**– मानव शरीर में 500 से अधिक पेशियाँ होती हैं। पेशियाँ प्रेरक उपकरण का सक्रिय भाग हैं। इनके संकुचन के फलस्वरूप विभिन्न गतिविधियाँ होती हैं। लम्बे समय तक कठोर कार्य करने के पश्चात् मांसपेशियों में थकान का अनुभव लैक्टिक अम्ल के संचय के कारण होता है।

**72. तृतीयक प्रतिजन डीपीटी बच्चों को दी जाती है, बचाव के लिए–**

(a) रोहिणी, पोलियो, चेचक से

(b) पोलियो, रोहिणी, टिटनेस से

(c) चेचक, कुकर-खाँसी, टिटनेस से

(d) रोहिणी, कुकर-खाँसी, टिटनेस से

**उत्तर** – (d)



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या**–डिप्थीरिया/रोहिणी, काली खाँसी (कुकुर खाँसी) तथा टिटनेस या धनुष्टंकार से बचाव हेतु नवजात शिशु को डी.पी.टी. वैक्सीन दिया जाता है। उक्त तीनों रोग जीवाणुजन्य हैं जो कि क्रमशः कोरिनी बैक्टीरियम डिप्थीरी, हीमोफिलस परट्यूसिस तथा माइको बैक्टीरियम टिटेनी द्वारा वाहित होते हैं।

**73. निम्नलिखित में किसके चयापचयी प्रक्रम से अधिकतम ऊर्जा मिलती है?**

(a) कार्बोहाइड्रेट (b) वसा
(c) प्रोटीन (d) खनिज

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – वसा में प्रति यूनिट कैलोरी की मात्रा सर्वाधिक होती है क्योंकि इसमें ऑक्सीजन कम होने के कारण इसका ऑक्सीकरण अधिक होता है। एक ग्राम कार्बोहाइड्रेट या प्रोटीन के उपापचयी प्रक्रम से 4.0 कैलोरी जबकि एक ग्राम वसा से 9 कैलोरी ऊर्जा की प्राप्ति होती है।

## कृषि, पशुपालन एवं डेयरी

**74. भारतवर्ष में प्रथम कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी वर्ष–**

(a) 1955 में (b) 1960 में (c) 1965 में (d) 1970 में

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – गोविन्द वल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना 1960 में उत्तराखण्ड के ऊधमसिंह नगर जनपद में हुई थी। यह भारत का प्रथम कृषि विश्वविद्यालय है। वर्तमान में भारत में 3 केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, 63 राज्य कृषि विश्वविद्यालय और 4 डीम्ड कृषि विश्वविद्यालय हैं।

**75. निम्न में से किस एक प्रदेश को 'मसालों का बागान' कहा जाता है?**

(a) केरल (b) तमिलनाडु (c) कर्नाटक (d) गुजरात

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – केरल राज्य को 'मसालों का बागान' कहा जाता है। काली मिर्च को मसालों का राजा और इलायची को मसालों की रानी कहा जाता है। भारत में काली मिर्च के उत्पादन में केरल का द्वितीय स्थान है जबकि इलायची उत्पादन में केरल का स्थान प्रथम है।

**76. गेहूँ के अधिकतम उत्पादन वाला राज्य है –**

(a) पंजाब (b) हरियाणा (c) उत्तर प्रदेश (d) मध्य प्रदेश

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – गेहूँ का अधिकतम उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश है। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार वर्ष 2021-22 में देश के तीन शीर्ष गेहूँ उत्पादक राज्य क्रमशः उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं पंजाब हैं।

## विज्ञान प्रौद्योगिकी

**77. निम्नलिखित में से ऊर्जा का कौन स्रोत व्यावसायिक स्रोत नहीं है?**

(a) पेट्रोलियम (b) परमाणु ऊर्जा
(c) प्राकृतिक गैस (d) बायोगैस

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – बायोगैस ऊर्जा का व्यावसायिक स्रोत नहीं है। बायोगैस के प्रमुख घटक गैसें, मीथेन (50-75%), कार्बन डाइऑक्साइड (25-50%) तथा कुछ मात्रा में हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, हाइड्रोजन सल्फाइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड आदि हैं।

**78. घरेलू ईंधन के रूप में प्रयुक्त एल.पी.जी. में मुख्यतः होता है–**

(a) मेथेन (b) एसिटिलीन (c) एथिलीन (d) ब्यूटेन

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – तरलीकृत पेट्रोलियम गैस का मुख्य आधार घटक ब्यूटेन है। द्रवित पेट्रोलियम गैस प्रोपेन, ब्यूटेन तथा आइसो ब्यूटेन हाइड्रोकार्बनों का मिश्रण होता है। घरों में यह रसोई गैस के रूप में प्रयुक्त होती है। एल.पी.जी. में गंध का कारण इथाइल मरकॉप्टेन है।

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**79. निम्नलिखित में से कौन एक यूनेस्को द्वारा प्रमाणित (क्षेत्रफल की दृष्टि से) भारत की वृहत्तम जैवमण्डलीय निधि है?**

(a) नीलगिरि (b) नंदा देवी
(c) सुन्दर वन (d) मन्नार की खाड़ी

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – दिये गये विकल्प में यूनेस्को द्वारा प्रमाणित भारत की वृहत्तम् जैवमंडलीय निधि मन्नार की खाड़ी है।

| जैवमण्डल निधि | क्षेत्रफल (वर्ग किमी.) | जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र का दर्जा मिला |
|---|---|---|
| नीलगिरि | 5520 | 1986 में |
| नंदा देवी | 5860.69 | 1988 में |
| सुंदरवन | 9630 | 1989 में |
| मन्नार की खाड़ी | 10500 | 1989 में |

**80. भारत के निम्नलिखित में से कौन नगर वृक्षारोपण में विशिष्टतया रखता है?**

(a) विजयवाड़ा (b) चण्डीगढ़ (c) शिलांग (d) वालपराई

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – वाल्पारै/वालपराई तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले में स्थित एक पर्वतीय पर्यटन स्थल है। इसे 'सातवां स्वर्ग' भी कहा जाता है। अन्नामलाई पहाड़ी हरे-भरे पहाड़ों और जंगलों से समृद्ध है। यह नगर वृक्षारोपण में विशिष्टता रखता है।


## तर्कशक्ति परीक्षण

**81. 4 सेमी. × 4 सेमी. × 4 सेमी. आयाम (dimension) के एक घन के सभी फलक हरे रंग से रंग दिये गए हैं और उसे 64 इकाई घनों में काट दिया गया है। कितने इकाई घन ऐसे हैं जिनके दो फलक हरे रंग के होंगे?**

(a) 8 (b) 16
(c) 24 (d) 32

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**–






GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

दो फलकों मे रंगे हुए घनों की संख्या = (n – 2) 12
चूंकि n = 4, = (4 – 2) 12
= 24
अतः दो हरे फलकों की संख्या 24 होगी।


**82. निम्नांकित सारिणी में लुप्त अक्षर प्राप्त कीजिए :**

| | | |
|---|---|---|
| A | C | E |
| N | K | H |
| R | V | ? |


(a) Z (b) T (c) L (d) I
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–
A $\xrightarrow{+2}$ C $\xrightarrow{+2}$ E
N $\xrightarrow{-3}$ K $\xrightarrow{-3}$ H
R $\xrightarrow{+4}$ V $\xrightarrow{+4}$ Z
अतः ? के स्थान पर Z होगा।

**83. यदि PERFECT का कूट RGTHGEV हो, तो इसी कूट में BROWN कैसे लिखा जायेगा?**
(a) CSPXO (b) DSQYP
(c) CTQXP (d) DTQYP
**उत्तर** – (d)





**व्याख्या**–


इसी प्रकार, BROWN → DTQYP

**84. निम्नांकित आकृति में कितने आयत हैं?**



(a) 8 (b) 10 (c) 11 (d) 12
**उत्तर** – (b)


**व्याख्या** – आयतों की संख्या =
ABCD, DEFG, GHIJ, JKLA, LEFK, BCHI,
LDGK, JBCG, AEFJ, DHIA = 10 आयत

**85. निम्नांकित में विषम आकृति है –**
(a)  (b) 
(c)  (d) 
**उत्तर** – (c)


**व्याख्या**–
विकल्प (a), (b), (d) के दोनों छोटे भाग मिलकर आकृति का आधा भाग बनाते हैं जबकि विकल्प (c) के दोनों छोटे भाग मिलकर आकृति का आधा भाग नहीं है।

**86. यदि HORSE = IQUWJ, तो TIGER बराबर है –**
(a) GJKHF (b) UKGSJ (c) UKJIW (d) SJKHW
**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** –





**87. निम्नलिखित श्रेणी में लुप्त अक्षर है – AZEVJ ?**
(a) Q (b) B (c) F (d) L
**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** –



**88. श्रेणी : 4, 9, 25, ?, 121, 169, 289 में लुप्त संख्या है –**
(a) 49 (b) 64 (c) 81 (d) 91
**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – 4, 9, 25, 49, 121, 169, 289
उपर्युक्त शृंखला अभाज्य अंकों के वर्गों की चल रही है। अतः रिक्त स्थान पर $7^2$ = 49 होगा।

**89. निम्नलिखित में लुप्त अक्षर क्रम से हैं –**
aba .... bca .... ac .... cab .... cbc
(a) cbbb (b) cbba (c) ccba (d) caac
**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – aba c bca b ac b cab a cbc
aba, cbc, aba, cbc, aba, cbc

**90. यदि A = 2, B = 4, C = 6 तथा इत्यादि (so on) हो, तो PREVENT का अंकमान होगा –**
(a) 196 (b) 198 (c) 200 (d) 202
**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – P R E V E N T
16×2 + 18×2 + 5×2 + 22×2 + 5×2 + 14×2 + 20×2 = 200



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

## समसामयिकी

**91. भारत की राष्ट्रीय आय में कृषि का योगदान है लगभग –**

(a) 20% (b) 25% (c) 30% (d) 35%

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – आर्थिक समीक्षा 2020-21 के अनुसार वर्तमान कीमतों पर सकल मूल्यवर्धन (GVA) में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र 20.2 प्रतिशत, जबकि वर्ष 2021-22 में 18.8 प्रतिशत है।

**92. फरवरी, 2014 में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला का आयोजन किया गया –**

(a) फरीदाबाद में (b) जालंधर में
(c) नई दिल्ली में (d) नोएडा में

**उत्तर** – (*)

**व्याख्या** – फरवरी, 2014 में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला का आयोजन लुधियाना में किया गया था। नवम्बर 2019 में 39वाँ इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर नई दिल्ली के प्रगति मैदान में सम्पन्न हुआ। इस ट्रेड फेयर में पाकिस्तान शामिल नहीं हुआ।

**93. विश्व के नगरों की स्थिति पर यू. एन. हैबिटेट रिपोर्ट के अनुसार निम्नलिखित में से कौन एक नगरों के समृद्धि निर्धारित करने का आधार नहीं है?**

(a) उत्पादकता (b) अनुकूलतम जनसंख्या
(c) जीवन की गुणवत्ता (d) समता

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – विश्व के नगरों की स्थिति पर यू. एन. हैबिटेट रिपोर्ट के अनुसार अनुकूलतम जनसंख्या नगरों की समृद्धि के निर्धारित करने का आधार नहीं है। नगरों की संवृद्धि निर्धारित करने का आधार – उत्पादकता, जीवन की गुणवत्ता व समता है।

**94. निम्न में से भारत ने किस देश के साथ सितम्बर 5, 2014 को नाभिकीय ऊर्जा के शान्तिपूर्ण उपयोग हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किया?**

(a) फ्रांस (b) यू. एस. ए.
(c) जापान (d) ऑस्ट्रेलिया

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या**–नाभिकीय ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग हेतु 5 सितम्बर, 2014 को भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। यूरेनियम के भंडार के मामले में ऑस्ट्रेलिया दुनिया का तीसरा प्रमुख देश है।

**95. राष्ट्रमण्डल खेल, 2018 सम्पन्न होंगे –**

(a) वेलिंग्टन में (b) क्वालालम्पुर में
(c) गोल्ड कोस्ट में (d) हैमिल्टन में

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**–राष्ट्रमण्डल खेल 2014, 23 जुलाई, 2014 से 3 अगस्त, 2014 के मध्य ग्लासगो स्कॉटलैण्ड में सम्पन्न हुआ। 2018 में राष्ट्रमण्डल खेल गोल्ड कोस्ट क्वींसलैण्ड, ऑस्ट्रेलिया में सम्पन्न हुआ। 22वाँ राष्ट्रमण्डल खेल 2022 में इंग्लैण्ड के बर्मिंघम शहर आयोजित किया गया।

**96. निम्नलिखित में से किस पनडुब्बी के दुर्घटनाग्रस्त होने के पश्चात् पूर्व नौसेनाध्यक्ष एडमिरल डी. के. जोशी ने फरवरी, 2014 में त्याग-पत्र दिया था?**

(a) आई. एन. एस. सिंधुरक्षक (b) आई. एन. एस. सिंधुशस्त्र
(c) आई. एन. एस. सिंधुराज (d) आई. एन. एस. सिंधुरत्न

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – आई. एन. एस. सिंधुरत्न नामक पनडुब्बी के दुर्घटनाग्रस्त होने के पश्चात् पूर्व नौसेनाध्यक्ष डी. के. जोशी ने फरवरी, 2014 में त्याग-पत्र दे दिया था।

**97. भारत-इंग्लैण्ड के मध्य अगस्त/सितम्बर, 2014 में सम्पन्न एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला में 'मैन ऑफ दि सिरीज' किसे घोषित किया गया?**

(a) जिमी एण्डरसन को (b) भुवनेश्वर कुमार को
(c) शिखर धवन को (d) सुरेश रैना को

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या**–भारत-इंग्लैण्ड के मध्य अगस्त/सितम्बर 2014 में सम्पन्न एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला में 'मैन ऑफ दि सीरीज' का पुरस्कार सुरेश रैना को मिला था।

**98. निम्नलिखित देशों में भारत ने किसके साथ फरवरी, 2014 में रक्षा सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन (मेमोरैण्डम ऑफ अण्डरस्टैंडिंग) हस्ताक्षरित किया?**

(a) मालदीव (b) श्रीलंका (c) सऊदी अरब (d) मॉरीशस

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – भारत ने फरवरी, 2014 में नई दिल्ली में सऊदी अरब के साथ रक्षा सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया था।

**99. शीला दीक्षित के त्याग-पत्र के उपरान्त किसे केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया?**

(a) वजुभाई वाला को (b) ई.एस.एल. नरसिम्हन को
(c) पद्मनाभ आचार्या को (d) पी. सतशिवम को

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश पी. सतशिवम् को शीला दीक्षित के त्याग-पत्र देने के बाद केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया। वर्तमान में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान (1 सितम्बर 2019 से वर्तमान) हैं।

**100. नंदा, जिनका निधन मार्च, 2014 में हुआ, थीं एक –**

(a) बॉलीवुड अभिनेत्री (b) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
(c) सामाजिक कार्यकर्ता (d) सितार वादक

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – नंदा बॉलीवुड फिल्मों की एक प्रसिद्ध अभिनेत्री थीं जिनका निधन मार्च, 2014 में हुआ था।

**101. भारत और फिजी ने 'डबल टैक्सेशन एवॉयडेंस एग्रीमेण्ट' पर हस्ताक्षर किए –**

(a) 27 जनवरी, 2014 को (b) 28 जनवरी, 2014 को
(c) 29 जनवरी, 2014 को (d) 30 जनवरी, 2014 को

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – भारत और फिजी ने 'डबल टैक्सेशन एवॉयडेंस एग्रीमेण्ट' पर 30 जनवरी, 2014 को हस्ताक्षर किये।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

102. **प्रवासी भारतीय दिवस, 2014 का बारहवाँ संस्करण किस नगर में आयोजित हुआ?**
(a) मुम्बई (b) कोलकाता
(c) नई दिल्ली (d) हैदराबाद
**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – प्रवासी भारतीय दिवस, 2014 का बारहवाँ संस्करण नई दिल्ली में आयोजित हुआ। प्रवासी भारतीय दिवस 2023 का आयोजन 8-10 जनवरी, 2023 तक इंदौर, मध्य प्रदेश में किया गया। प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन सर्वप्रथम वर्ष 2003 में किया गया था जिसके बाद से इसका आयोजन प्रत्येक वर्ष होता है।

103. **प्रसिद्ध नेता, बंगारू लक्ष्मण जिनका मार्च, 2014 में हैदराबाद में निधन हो गया, सम्बन्धित थे –**
(a) तेलगू देशम पार्टी से
(b) इंडियन नेशनल कांग्रेस से
(c) भारतीय जनता पार्टी से
(d) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से
**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – प्रसिद्ध नेता बंगारू लक्ष्मण जिनका निधन मार्च, 2014 में हैदराबाद में हो गया था, वे भारतीय जनता पार्टी से संबंधित थे।

104. **निम्न में से किसे जून, 2014 में ज्ञानपीठ पुरस्कार, 2013 हेतु चुना गया है?**
(a) डॉ. केदारनाथ सिंह को
(b) डॉ. विश्वनाथ तिवारी को
(c) चेतन भगत को
(d) अमित त्रिपाठी को
**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – ज्ञानपीठ पुरस्कार 2013 हेतु जून, 2014 में प्रसिद्ध हिन्दी भाषा के साहित्यकार डॉ. केदारनाथ सिंह को चुना गया। 57वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार 2022 कोंकणी कवि दामोदर माउजे को प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि ज्ञानपीठ पुरस्कार भारतीय संविधान में शामिल 22 भारतीय भाषाओं में रचना करने वाले साहित्यकारों को प्रदान किया जाता है।

105. **विश्व के सबसे अधिक आयु वाले व्यक्ति अर्तुरो लाइकाता, जिनका देहावसान 111 वर्ष की अवस्था में 28 फरवरी, 2014 को हुआ था, रहने वाले थे –**
(a) इटली के (b) फ्रांस के
(c) जापान के (d) इंग्लैण्ड के
**उत्तर** – (a)

**व्याख्या**–अर्तुरो लाइकाता का जन्म 2 मई, 1902 को और मृत्यु 24 अप्रैल, 2014 को 111 वर्ष की अवस्था में हुई। वे इटली के निवासी थे।

106. **निम्नलिखित में से किस उप-क्षेत्र (सब सेक्टर) की वर्ष 2008-09 की तुलना में वर्ष 2009-10 में ऋणात्मक संवृद्धि दर रही है?**
(a) कृषि तथा संबंधित क्षेत्र (b) निर्माण
(c) खनन तथा उत्खनन (d) बिजली, गैस तथा जलापूर्ति
**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – आर्थिक समीक्षा 2009-10 के अनुसार वर्ष 2008-09 के दौरान कृषि और संबंधित गतिविधियों की विकास दर 1.6 प्रतिशत थी जबकि वर्ष 2009-10 में यह (-4%) ऋणात्मक रही और वर्ष 2021-22 में वृद्धि दर 3 प्रतिशत रही। 2022-23 में यह 3.5 प्रतिशत ($1^{st}$ A.E) है।

## विविध

107. **निम्नलिखित में से किस एक देश की यात्रा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा राज्य में विदेशी पूँजी निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से सितम्बर, 2014 में की गई?**
(a) डेनमार्क (b) नीदरलैण्ड्स
(c) स्पेन (d) चीन
**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – सितम्बर, 2014 में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा राज्य में विदेशी पूँजी निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से नीदरलैण्ड्स की यात्रा की थी।

108. **उत्तर प्रदेश के कितने विधानसभा क्षेत्रों में सितम्बर, 2014 में उपचुनाव सम्पन्न हुए?**
(a) 12 (b) 11
(c) 13 (d) 14
**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – उत्तर प्रदेश में सितम्बर 2014 में 11 विधानसभा क्षेत्रों में उप-चुनाव हुये थे।

109. **निम्नलिखित में से कौन सी एक पुस्तक खुशवंत सिंह द्वारा, जो मार्च, 2014 में दिवंगत हुए, लिखी गई है?**
(a) इण्डिया एट रिस्क
(b) नाइट ब्रोकेन
(c) ए गॉड इन एवरी स्टोन
(d) दि गुड, दि बैड एण्ड दि रिडिकुलस
**उत्तर** – (d)

**व्याख्या**–खुशवंत सिंह का निधन 20 मार्च, 2014 को दिल्ली में हुआ। उनके द्वारा लिखित कुछ प्रमुख पुस्तकें इस प्रकार हैं – दि हिस्ट्री ऑफ सिक्ख, ट्रेन टू पाकिस्तान, डेल्ही ए नॉवेल, वोमेन एण्ड मेन इन माई लाईफ, दि गुड, दि बैड एण्ड दि रिडिकुलस, दि इण्ड ऑफ इण्डिया, महाराजा इन डेनिम्स।

110. **उ. प्र. में केंद्रीय विश्वविद्यालयों की संख्या हैं –**
(a) 3 (b) 4
(c) 2 (d) 1
**उत्तर** – (b)

**व्याख्या**– प्रश्नकाल में विकल्प (b) सही उत्तर था। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कुल 6 केन्द्रीय विश्वविद्यालय है–
1. अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
2. इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज (इलाहाबाद)
3. बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
4. डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ
5. राजीव गाँधी राष्ट्रीय उड्डयन विश्वविद्यालय, रायबरेली
6. रानी लक्ष्मीबाई कृषि विश्वविद्यालय, झांसी



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**111. उत्तर प्रदेश में प्रथम दुग्ध सहकारी समिति की स्थापना हुई थी –**

(a) सहारनपुर में (b) वाराणसी में
(c) लखनऊ में (d)इलाहाबाद में

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – उत्तर प्रदेश में प्रथम दुग्ध सहकारी समिति की स्थापना प्रयागराज (इलाहाबाद) में वर्ष 1917 में 'कटरा सहकारी दुग्ध समिति इलाहाबाद' नाम से हुई थी। यह उत्तर प्रदेश के साथ ही देश की पहली सहकारी दुग्ध समिति थी।

**112. निम्नलिखित में से कौन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री नहीं रहे हैं?**

(a) गोविन्द बल्लभ पंत (b) टी. एन. सिंह
(c) नित्यानंद स्वामी (d) राम नरेश यादव

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – गोविन्द बल्लभ पन्त उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी थे। इनका कार्यकाल 15 अगस्त, 1947 से 27 दिसंबर, 1954 तक, रामनरेश यादव का कार्यकाल 23 जून, 1977 से 28 फरवरी, 1979 तक, त्रिभुवन नारायण सिंह 18 अक्टूबर, 1970 से 4 फरवरी, 1971 तक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे; जबकि नित्यानन्द स्वामी उत्तराखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री थे। (9 नवम्बर 2000 से 29 अक्टूबर 2001 तक)

**113. निम्न में से उ. प्र. के किस जनपद में कालिंजर का किला स्थित है?**

(a) झाँसी (b) बाँदा (c) चित्रकूट (d) जालौन

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – कालिंजर का किला उत्तर प्रदेश के बाँदा जिले में स्थित है। यह बुंदेलखण्ड क्षेत्र में विंध्य पर्वत पर स्थित है।

**114. उत्तर प्रदेश में चमड़ा उद्योग के प्रमुख केंद्र हैं –**

(a) आगरा, कानपुर (b) आगरा, इलाहाबाद
(c) कानपुर, इलाहाबाद (d) कानपुर, मेरठ

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – आगरा एवं कानपुर उत्तर प्रदेश में चमड़ा उद्योग के प्रमुख केंद्र हैं। कानपुर कृत्रिम अंग निर्माण निगम व प्लास्टिक सिटी के लिए भी प्रसिद्ध है।

**115. उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की स्थापना की गई थी –**

(a) 1974 में (b) 1978 में (c) 1984 में (d) 1990 में

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की स्थापना वर्ष 1974 में की गई थी।

**116. इबोला वायरस का नाम लिया गया है –**

(a) एक शहर के नाम से (b) एक प्रान्त के नाम से
(c) एक नदी के नाम से (d) एक पर्वत के नाम से

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – इबोला विषाणु रोग (EVD) इबोला विषाणु के द्वारा फैलने वाला अत्यंत घातक व संक्रामक रोग है। यह वायरस संक्रमित जानवर सामान्यतया अफ्रीकन फ्रूट बैट नामक चमगादड़ के खून या शरीर के सम्पर्क में आने से फैलता है। इस बीमारी अथवा वायरस की खोज 1976 में सर्वप्रथम डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (जायरे) में की गई थी। इबोला डी आर कांगो देश में बहने वाली एक नदी है, जिसके नाम पर इस वायरस का नामकरण हुआ है।

**117. प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं –**

(a) केवल राज्य सरकारों के सार्वजनिक उद्यमों के कर्मचारियों को।
(b) केवल केंद्र सरकार के सार्वजनिक उद्यमों के कर्मचारियों को
(c) केवल राज्य तथा केंद्र सराकरों के सार्वजनिक उद्यमों के कर्मचारियों को
(d) केंद्र तथा राज्य के सार्वजनिक उद्यमों तथा निजी क्षेत्र के चयनित विनिर्माण इकाइयों के कार्यरत कर्मचारियों को।

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कार की शुरुआत 1985 में भारत सरकार द्वारा की गयी थी। यह पुरस्कार केंद्र तथा राज्य के सार्वजनिक उद्यमों तथा निजी क्षेत्र के चयनित विनिर्माण इकाइयों के कार्यरत कर्मचारियों को प्रदान किया जाता है।

**118. निम्नलिखित में गलत युग्म को इंगित कीजिए :**

(a) कन्नौज – इत्र एवं तेल
(b) मिर्जापुर – कालीन
(c) मुरादाबाद – पीतल के बर्तन
(d) आगरा – चाकू तथा कैंची

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या**–उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में निर्मित चाकू तथा कैंची प्रसिद्ध है। आगरा चर्म उत्पाद के लिए प्रसिद्ध है।

**119. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –**

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. भरतनाट्यम | 1. तमिलनाडु |
| B. कथक | 2. केरल |
| C. कुचीपुड़ी | 3. आंध्र प्रदेश |
| D. मोहिनीअट्टम | 4. उत्तर प्रदेश |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – सही सुमेलन इस प्रकार है –

| **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|
| भरतनाट्यम | – | तमिलनाडु |
| कथक | – | उत्तर प्रदेश |
| कुचीपुड़ी | – | आन्ध्र प्रदेश |
| मोहिनीअट्टम | – | केरल |

**120. केंद्रीय शुष्क-भूमि अनुसंधान संस्थान स्थित है –**

(a) झाँसी में (b) हैदराबाद में (c) जोधपुर में (d) जबलपुर में

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**–केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (सेन्ट्रल एरिड जोन रिसर्च इंस्टीट्यूट) की स्थापना भारत सरकार ने 1959 में जोधपुर (राजस्थान) में की थी।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (मुख्य) परीक्षा, 2013

# सामान्य हिन्दी

## हल प्रश्न-पत्र

**1. इनमें से कौन सा वाक्य अशुद्ध है?**
(a) हर एक खिलाड़ी मैदान में पहुँच गए।
(b) सड़क पर बहुत भीड़ है।
(c) अध्ययन के लिए अच्छी पुस्तकें आवश्यक हैं।
(d) साहित्य और संस्कृति का गहरा संबंध है।
**उत्तर**– (a)

**व्याख्या** – दिये गये विकल्पों में सड़क पर बहुत भीड़ है, अध्ययन के लिए अच्छी पुस्तकें आवश्यक हैं तथा साहित्य और संस्कृति का गहरा सम्बन्ध है। ये तीनों वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध हैं; जबकि **हर एक खिलाड़ी मैदान में पहुँच गये**, में गये की जगह गया होना उचित है। अतएव विकल्प (a) अशुद्ध है।

**2. सुसंगत शब्द प्रयोग में कौन सा वाक्य सर्वाधिक उपयुक्त है?**
(a) दुष्ट को सजा मिलनी चाहिए।
(b) अपराधी को सजा मिलनी चाहिए।
(c) अशिष्ट को सजा मिलनी चाहिए।
(d) शत्रु को सजा मिलनी चाहिए।
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या** – दिये गये विकल्पों में दुष्ट को सजा मिलनी चाहिए या अशिष्ट को सजा मिलनी चाहिए या शत्रु को सजा मिलनी चाहिए, तीनों वाक्य अशुद्ध हैं, जबकि **'अपराधी को सजा मिलनी चाहिए'** वाक्य शुद्ध है।

**3. शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।**
(a) गुरू आ रहा है। (b) गुरू आ रहे है।
(c) गुरु आ रहे हैं। (d) गुरूजी आ रहे हैं।
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–'गुरु' शुद्ध वर्तनी है इसलिए 'गुरु आ रहे हैं' सही वाक्य है।

**4. शब्दानुक्रम में सही वाक्य है–**
(a) वह गरीब आदमी था। (b) वह आदमी गरीब था।
(c) था वह गरीब आदमी। (d) था गरीब वह आदमी।
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या** – दिये गये वाक्यों में शब्दानुक्रम की दृष्टि से 'वह गरीब आदमी था।' सही है क्योंकि वाक्य में विशेषण का प्रयोग विशेष्य से पहले होता है। शेष सभी विकल्प शब्दानुक्रम की दृष्टि से गलत हैं।

**5. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है–**
(a) अनुषांगिक (b) अनुसांगिक (c) आनुषंगिक (d) आनुसांगिक
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**– प्रश्नगत दिये गये विकल्पों में **'आनुषंगिक'** सही वर्तनी वाला शब्द है, जबकि अन्य तीनों शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**6. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है–**
(a) परिच्छा (b) परीच्छा
(c) परीक्षा (d) परिक्षा
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या** – वर्तनी की दृष्टि से परिच्छा, परीच्छा, परिक्षा तीनों अशुद्ध शब्द हैं, जबकि 'परीक्षा' शुद्ध शब्द है।

**7. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध का चयन कीजिए।**
(a) अनुग्रहीत (b) अनुगृहीत
(c) अनुग्रहित (d) आनुगृहीत
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या** – वर्तनी की दृष्टि से दिये गये विकल्पों में शुद्ध शब्द **अनुगृहीत** है। अन्य तीनों विकल्प अशुद्ध हैं।

**8. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है–**
(a) नरक (b) नर्क
(c) न्रक (d) र्नक
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या** – वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द **नरक** है, जबकि अन्य शब्द नर्क, न्रक और र्नक अशुद्ध हैं।

**9. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध का चयन कीजिए।**
(a) टिपड़ी (b) टिप्पणि
(c) टीप्पणी (d) टिप्पणी
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या** – वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द **टिप्पणी** है। अन्य तीनों विकल्प अशुद्ध हैं।

**10. 'पति-युक्ता स्त्री' को एक शब्द में कहते हैं?**
(a) दम्पती (b) जोड़ी
(c) सधवा (d) पति-पत्नी
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या** – पति-युक्ता स्त्री को एक शब्द में **'सधवा'** कहा जाता है।

**11. 'झगड़ा लगाने वाला मनुष्य' एक शब्द में कहा जाता है?**
(a) जयचन्द (b) शकुनी
(c) विभीषण (d) नारद
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या** – 'झगड़ा लगाने वाले मनुष्य' को एक शब्द में **'नारद'** कहा जाता है।

**12. 'महल के भीतरी भाग' को किस शब्द में जानते हैं?**
(a) गर्भगृह (b) भीतरी तल
(c) अन्तःपुर (d) रनिवास
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या** – महल के भीतरी भाग को **'अन्तःपुर'** के नाम से जाना जाता है। अतः विकल्प (c) शुद्ध है। अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

**13. इनमें कौन सा शब्द तद्भव है?**
(a) मधुप (b) मधुकर
(c) भ्रमर (d) भँवरा
**उत्तर**– (d)

**व्याख्या** – दिये गये विकल्पों में मधुप, मधुकर एवं भ्रमर शुद्ध तत्सम शब्द हैं, जबकि विकल्प (d) में प्रयुक्त शब्द **भँवरा** तद्भव शब्द है।

**14. 'मुदरी' का तत्सम रूप है–**
(a) मुद्री (b) मुन्दरी
(c) मुदरिका (d) मुद्रिका
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या** – दिये गये विकल्पों में मुदरी शब्द का तत्सम रूप **'मुद्रिका'** होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**15. 'दीठि' का तत्सम रूप है–**

(a) द्रष्टि (b) दिष्टि
(c) दीष्टि (d) दृष्टि

उत्तर–(d)

**व्याख्या** – दीठि शब्द का तत्सम रूप **'दृष्टि'** होता है। अन्य तीनों विकल्प के शब्द तत्सम रूप की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**16 कौन सा शब्द तत्सम है?**

(a) शुश्रूषा (b) सुन्नर
(c) अपजस (d) अच्छर

उत्तर–(a)

**व्याख्या** – दिये गये चारों विकल्पों में तत्सम शब्द **'शुश्रूषा'** है, जबकि अन्य विकल्प सुन्नर, अच्छर और अपजस तीनों शब्द तद्भव हैं। इनके तत्सम शब्द, क्रमशः सुन्दर, अक्षर और अपयश है।

**17. 'सिंगार' शब्द का तत्सम है–**

(a) शृंगार (b) श्रंगार
(c) श्रृंगार (d) शिंगार

उत्तर–(a)

**व्याख्या** – सिंगार शब्द का तत्सम रूप **'शृंगार'** होता है। शेष विकल्पों के शब्द त्रुटिपूर्ण हैं।

**18. 'मीठा अमरूद' में 'मीठा' विशेषण किस कोटि का है?**

(a) परिमाणवाचक (b) गुणवाचक
(c) व्यक्तिवाचक (d) संख्यावाचक

उत्तर–(b)

**व्याख्या** – मीठा अमरूद में मीठा **'गुणवाचक'** विशेषण है। यह अमरूद के मीठा होने के गुण की चर्चा करता है।

**19 'तुम कहाँ पढ़ते हो'–में किस कोटि का विशेषण प्रयुक्त हुआ है?**

(a) गुणवाचक (b) प्रश्नवाचक
(c) संख्यावाचक (d) संकेतवाचक

उत्तर–(b)

**व्याख्या** – तुम कहाँ पढ़ते हो - में **'प्रश्नवाचक विशेषण'** प्रयुक्त हुआ है, न कि गुणवाचक, संख्यावाचक या संकेतवाचक विशेषण।

**20. 'लोभी' किस विधि से निर्मित विशेषण है?**

(a) संज्ञा-विधि (b) सर्वनाम-विधि
(c) क्रिया-विधि (d) प्रत्यय-विधि

उत्तर– (d)

**व्याख्या** – 'लोभी' प्रत्यय-विधि द्वारा निर्मित विशेषण है। 'लोभ' संज्ञा शब्द है जिसमें 'ई' प्रत्यय-विधि द्वारा 'लोभी' शब्द बना है। अतः विकल्प (d) सही है।

**21. इनमें कौन सा युग्म विशेषण नहीं है?**

(a) छोटा-बड़ा (b) हरा-पीला
(c) दो-तीन (d) राम-लक्ष्मण

उत्तर–(d)

**व्याख्या** – दिये गये विकल्पों में **'राम-लक्ष्मण'** युग्म विशेषण नहीं है, बल्कि यह विशेष्य युग्म शब्द है; जबकि छोटा-बड़ा, हरा-पीला और दो-तीन युग्म विशेषण हैं।

**22. इनमें संख्यावाचक विशेषण कौन सा है?**

(a) सात (b) काला
(c) रावण (d) खट्टा

उत्तर–(a)

**व्याख्या** – दिये गये विकल्पों में **सात** शब्द संख्यावाचक विशेषण है, जबकि काला तथा खट्टा गुणवाचक विशेषण शब्द हैं।

**23. 'उत्कर्ष' शब्द का विलोम लिखिए।**

(a) पतन (b) अपकर्ष
(c) अपभ्रष्ट (d) विकर्ष

उत्तर–(b)

**व्याख्या** – उत्कर्ष शब्द का विलोम शब्द **'अपकर्ष'** होता है, न कि विकर्ष, पतन और अपभ्रष्ट।

**24. 'अन्तर्मुखी' का विलोम लिखिए।**

(a) जगत्मुखी (b) वाचाल
(c) चतुर्मुखी (d) बहिर्मुखी

उत्तर–(d)

**व्याख्या** – अंतर्मुखी शब्द का विलोम शब्द **'बहिर्मुखी'** होता है, न कि जगतमुखी, वाचाल, चतुर्मुखी।

**25. 'अतिवृष्टि' का विलोम शब्द है–**

(a) अल्पवृष्टि (b) लघुवृष्टि
(c) अनावृष्टि (d) न्यूनवृष्टि

उत्तर–(c)

**व्याख्या** – अतिवृष्टि का विलोम शब्द **'अनावृष्टि'** होता है, न कि अल्पवृष्टि, लघुवृष्टि और न्यूनवृष्टि।

**26. 'संयोग' का विलोम शब्द है–**

(a) अयोग (b) वियोग
(c) विरह (d) योगहीन

उत्तर–(b)

**व्याख्या** – संयोग का विलोम शब्द **'वियोग'** होता है, न कि विरह, अयोग और योगहीन।

**27. 'राजा' शब्द का विलोम लिखिए।**

(a) गरीब (b) दरिद्र
(c) रंक (d) भिखारी

उत्तर–(c)

**व्याख्या** – राजा शब्द का विलोम शब्द **'रंक'** होता है, न कि गरीब, दरिद्र और भिखारी।

**28. 'आकाश' शब्द का विलोम है?**

(a) धरती (b) नागलोक
(c) पाताल (d) समुद्र

उत्तर–(c)

**व्याख्या** – आकाश शब्द का विलोम शब्द **'पाताल'** होता है, न कि धरती, समुद्र और नागलोक।

**29. 'सगुण' शब्द का विलोम है?**

(a) अवगुण (b) अगुण
(c) दुर्गुण (d) निर्गुण

उत्तर–(d)

**व्याख्या** – सगुण शब्द का विलोम शब्द **'निर्गुण'** होता है, न कि अवगुण, अगुण और दुर्गुण।

**30. 'अपशकुन' का विलोम है–**

(a) अशकुन (b) शकुन
(c) पुण्य (d) पावन

उत्तर–(b)

**व्याख्या** – अपशकुन का विलोम शब्द **'शकुन'** होता है, न कि पावन, पुण्य और अशकुन।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"